प्रेस नोट दिनांक 26.03.2025

थाना आंवला जनपद बरेली

पुलिस मध्यस्थता परामर्श केन्द्र कोतवाली आंवला समिति द्वारा पारिवारिक विवादों में काउंसलिंग/ मध्यस्थता कराकर आपसी मतभेदों का कराया गया निस्तारण।

उत्तर प्रदेश सरकार के आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा विगत 08 वर्षो में प्रशासन को अधिक समावेशी और जनोन्मुखी बनाने के विजन के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली के कुशल मार्गदर्शन व श्रीमान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद बरेली के प्रभावी पर्यवेक्षण में **थाना आंवला, बरेली पर दिनांक 12.03.2025 को परिवार परामर्श केंद्र और मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ किया गया है।**

यह पहल समाज में बढ़ते पारिवारिक विवादों और टूटते परिवारों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए की गई है। इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य टूटते हुए परिवारों को बचाने, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना और परिवारों को एकजुट बनाए रखना है। इसके लिए, जागरूकता कार्यक्रमों, काउंसलिंग और सहायता के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह केंद्र न केवल कानूनी कार्यवाही का विकल्प प्रदान करता है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक स्तर पर भी परिवारों को सहारा देने का प्रयास करता है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए **शहर के सम्मानित नागरिकों और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों में से 06 सदस्यों तथा पुलिस परिवार की 02 महिला कर्मियों सहित कुल 08 सदस्यों की एक समर्पित परिवार परामर्श समिति का गठन किया गया है।** यह समिति अनुभवी और संवेदनशील व्यक्तियों का समूह है जो पारिवारिक विवादों को सुलझाने और परिवारों को सही दिशा दिखाने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्र के गठन के **मात्र 15 दिनों के भीतर समिति ने** अपनी **दो काउंसलिंग बैठकों (जो प्रत्येक बुधवार को आयोजित की जाती हैं) के माध्यम से 50% से अधिक पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते के आधार पर 09 पारिवारिक विवादों का सुलह समझौते कर परिवारों को टूटने से बचाकर सराहनीय कार्य किया है**, जो यह दर्शाता है कि यह केंद्र अपनी स्थापना के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा करने की दिशा में अग्रसर है। यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जो समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।